



दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।बुधवार 04 मार्च -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 72 पेज-24 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



PARAMOUNT

PARAMOUNT golfforesté

INVEST IN

READY FOR POSSESSION PROPERTY




A PART OF 90-ACRES* LUSH GREEN TOWNSHIP

Master planning by Surbana International, Singapore

PRICE STARTING ₹78 LAKH* ONWARDS

*terms & conditions apply

PARAMOUNT GROUP OF COMPANIES
Office No. 1810-1812, 18th Floor, Iconic Corenthum, Tower-C, Sector-62, Noida (U.P.)- 201309, India
E-mail: info@paramountgroup.co.in | Website: www.paramountgroup.co.in

Paramount Villas Pvt. Ltd. Allotment Letter- Ref. No.5672/SIDC/RMS/SRJ-H-C(Ext.)Ph-1/plot no.BGH-A, Dated 18.10.2010-Sanction Plan-Ref.No.2032/SIDC/RMS/SRJ, Dated 13.06.2011, Sanction Plan-No.7096/SIDC/RMC/Building Plan/BGH-A/HC/SRJ/Dated 04.01.2013.
Disclaimer: All specifications, design, layout conditions are only indicative & some of these can be changed at the discretion of Builder/Architect, these are purely conceptual & constitute no legal offerings. 1 sq. mtr.=10.764 sq.ft. | 1 acre= 4047 sq.mtrs. (approx.)

Follow us

8376071133




सभी क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



दिनेश गोयल

एमएलसी, भारतीय जनता पार्टी

RKG GLOBAL SCHOOL
(A Prestigious Knowledge Resource Center)
Managed By: Rajkumar Goel Group of Institutions

ADMISSION OPEN

For Session 2026-27
Nursery to Class XII



सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं

PRE PRIMARY WING
- Specially designed Pre-Primary Wing
- Parental care affection for Kids.
- Safe and cozy furniture.
- Specially designed activity room to help the holistic growth of a child.
- Special attention giving to the health and hygiene.
- Play way teaching method.

EXCELLENT INFRASTRUCTURE
- Huge and well planned school building with healthy and hygienic surrounding.
- Big spacious and well ventilated classroom.
- Safe and healthy R.O. drinking water.
- Entire Campus under C.C.T.V. surveillance.
- A.C. Transport with all advance devices

EXCELLENT SPORTS FACILITIES
- Well maintained ground for football and cricket. Courts for Volleyball, basketball, kabaddi and Kho-kho and self defense classes.
- All Indoor games
- Extra coaching for the budding sports person.
- Shooting Range

- The guidance of global & renowned management.
- Widely experienced & highly qualified, techno savvy staff.
- Powered by - Bansal Classes Kota
- State of Art Infrastructure
- We humbly accept to be the trend setter in the field




LEARNING FACILITIES
- Latest and best infrastructure for learning.
- Ideal teacher student's ratio for personalized attention.
- Extra guidance for all the competitive exams.
- Personal contact classes after the regular classes are off.
- Fully functional language lab to improve proficiency in English.
- Well equipped Science, Computer Labs & Language Lab.
- Well maintained library as a Knowledge resource Center. with E-Library
- Best in field ERP system with all modules.
- Wide scope and opportunities to grow in music, dance & other Art activities.
- Interactive smart board classrooms.
- Cultural and moral values imbibed in the curriculum.
- Excellent facility and extra encouragement in games and sports .
- School emphasizes on 3.0 pattern.
- Transport facility available for Ghaziabad, Muradnagar, Modinagar and all nearby places.

Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (near RKGIT) Ghaziabad - 201003
Mob. : 9829227051, Web. : www.rkggs.com, Email : rkggs2022@gmail.com

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 04 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## सम्पादकीय



मनोज गुप्ता (संपादक)

# होली के रंगों के बीच जिम्मेदारी का समय

होली का पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि समाज के मन को टटोलने का भी अवसर है। जब हम एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं, तो यह सिर्फ परंपरा नहीं निभाते, बल्कि आपसी विश्वास, संवाद और संबंधों को भी मजबूत करते हैं। आज जब देश और दुनिया अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रही है—कहीं युद्ध और तनाव की खबरें हैं, कहीं आर्थिक उतार-चढ़ाव से बाजार प्रभावित हैं, कहीं लोकतांत्रिक विमर्श तीखा हो चला है, तो कहीं तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बढ़ते कदम नई संभावनाओं के साथ नई चिंताएं भी पैदा कर रहे हैं। वैश्विक मंच पर बदलते समीकरणों का असर भारत जैसे उभरते राष्ट्र पर भी दिखाई देता है। देश के भीतर भी सामाजिक और राजनीतिक हलचल कम नहीं है। चुनावी माहौल हो या नीतिगत फैसलों की बहस, जनता की अपेक्षाएं पहले से कहीं अधिक स्पष्ट और मुखर हैं। आम आदमी रोजमर्रा की समस्याओं—रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय विकास—को लेकर सजग है। ऐसे समय में मीडिया की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

पत्रकारिता का मूल उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना भी है। जब दुनिया तेजी से बदल रही हो, तब संतुलित, सत्य और निष्पक्ष पत्रकारिता ही विश्वास का आधार बनती है। पाठकों का भरोसा ही किसी भी अखबार की असली ताकत होता है।

होली के इस अवसर पर हमें यह भी याद रखना चाहिए कि रंग तभी सुंदर लगते हैं जब वे मिलकर इंद्रधनुष बनाते हैं। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। लोकतंत्र की असली खूबसूरती विविधता में एकता है।

आज जरूरत है कि हम उत्सव के उल्लास के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी रंग अपने जीवन में भरें। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें तेजी से फैलती हैं; ऐसे में सत्य को पहचानना और संयम बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। होली हमें सिखाती है कि नकारात्मकता की राख से सकारात्मकता के रंग जन्म लेते हैं। यही संदेश हमें वर्तमान वैश्विक और राष्ट्रीय परिस्थितियों में भी अपनाना होगा। अंततः, बड़ा संदेश यही है — समय चाहे कितना भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हो, अगर समाज संवाद, संयम और सद्भाव का रास्ता चुने तो हर अंधेरा रंगों की रोशनी में बदल सकता है। होली का यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में आशा, विश्वास और नई ऊर्जा का संचार करे — यही कामना है।

**होली की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में श्रद्धाभाव से हुआ होलिका दहन





**होलिका दहन का शुभ कार्य शहर विधायक संजीव शर्मा ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में पारंपरिक होलिका दहन कार्यक्रम श्रद्धाभाव, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। होलिका दहन का शुभ कार्य शहर विधायक संजीव शर्मा ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया।

इस अवसर पर काशी सुमेरु पीठ के नरेंद्रानंद सरस्वती, श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, महंत गिरीशानंद गिरी तथा महंत रमेश गिरी का सानिध्य प्राप्त हुआ। संतों के आशीर्वाद और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पर्व की गरिमा बढ़ाई।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि होलिका दहन सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है और यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने क्षेत्र के विकास और एकता के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

दूधेश्वर नाथ धाम में परंपरागत विधि से आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने जनता के स्नेह और सहयोग को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। होली का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

### तीन दिन में दूसरा फुल एनकाउंटर

# सलीम हमले के दोनों सगे भाई आरोपी ढेर, एक-एक लाख के थे इनामी

**- मंगलवार की रात इंदिरापुरम में हुआ गुलफाम ढेर**

**गाजियाबाद करंट टाइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराधियों के खिलाफ जारी सख्त अभियान के तहत तीन दिन के भीतर दूसरा फुल एनकाउंटर हुआ है। लोनी के वास्तविक सलीम पर हुए जानलेवा



हमले के दूसरे मुख्य आरोपी गुलफाम को मंगलवार देर रात इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। इससे पहले उसके सगे भाई जीशान को लोनी क्षेत्र में ढेर किया गया था। दोनों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस कमिश्नर के अनुसार, इंदिरापुरम इलाके में क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम चेकिंग कर रही थी, तभी संदिग्ध बाइक सवार बदमाश ने रुकने के बजाय फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गुलफाम घायल हुआ और अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। यह ऑपरेशन डीसीपी ट्रांस हिंडन, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल राजपूत के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। जांच में सामने आया कि जीशान और गुलफाम आपस में सगे भाई थे और सलीम पर हुए हमले की साजिश में दोनों की सक्रिय भूमिका थी। सीसीटीवी फुटेज में गुलफाम को वारदात के बाद जीशान को बाइक से कॉलोनी तक छोड़ते हुए देखा गया था। उसी आधार पर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस सूत्रों का यह भी कहना है कि दोनों भाई सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणियों को लेकर रंजिश रखते थे और बदले की भावना में वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। हालांकि इस पहलू की जांच अभी जारी है।

### सीएम के बयान पर एक्टिव हुई थी क्राइम ब्रांच







करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत के बाद पुलिस की कार्रवाई और तेज हुई है। कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद से अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार इनामी बदमाशों पर शिकंजा कसा जा रहा है। लगातार दो फुल एनकाउंटर के बाद साफ संकेत है कि गाजियाबाद में संगठित अपराध और सनसनीखेज वारदातों में शामिल आरोपियों के खिलाफ पुलिस किसी भी स्तर पर ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। मामले की अन्य कड़ियों की जांच जारी है। यह पूरा ऑपरेशन एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल राजपूत के नेतृत्व में चलाया गया। कार्रवाई गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ के निर्देशन में संपन्न हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान पूर्व नियोजित रणनीति के तहत चलाया गया और टीम पहले से ही आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी।

### 20 से ज्यादा राउंड चली गोली

करंट क्राइम : एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि रात में बाइक से दो संदिग्ध इंदिरापुरम के वसुंधरा की तरफ भाग रहे थे। जब स्वाट टीम और पुलिस ने दोनों को रोकने का इशारा किया तो एक बदमाश ने पिस्टल से पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद बाइक छोड़कर दोनों बदमाश पैदल भागने लगे, इसमें एक सिपाही को भी गोली लगी है। पुलिस और बदमाशों के बीच 20 राउंड से अधिक फायरिंग हुई है, जिसमें गोली लगने से एक बदमाश मारा गया। जिसकी पहचान गुलफाम पुत्र बुनियाद अली निवासी सैद नगली जिला अमरोहा के रूप में हुई है। जिसे अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरा हमलावर रात में अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। एक आधार कार्ड, एक चाकू, एक तमंचा और एक पिस्टल बरामद हुई है। कुछ कारतूस में मिले हैं, मौके से जो बाइक मिली है उसकी जांच की जा रही है। दोनों बदमाशो ने पुलिस पर एक दर्जन से अधिक फायरिंग की है।

# नदिया पार का ओबीसी फैक्टर करेगा सियासत में किसे निहाल











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर वाली टीम का काउंटडाउन शुरू हो गया है। फार्मेट आ गया है और आगरा वाले चौहान साहब आकर नाम भी ले गये हैं। महानगर वाली टीम में आने के लिए हर कोई अपनी थीम पर काम कर रहा है। किसी को ये भरोसा है कि जातिगत फैक्टर में उसकी दावेदारी का ट्रैक्टर चलेगा। किसी को ये लग रहा है कि सियासी आशीर्वाद इस बार फलीभूत हो जायेगा। संगठन को अपनी थीम पर काम करना है और उसे मानकों पर चलते हुए टीम में सभी चेहरों को समायोजित करना है। अनुभव एक फैक्टर है, समर्पण एक फैक्टर है और यहां पर सबसे बड़ी बात ये है कि अनुभव भी दावेदारी में बाधा बन रहा है। 50 प्लस वाले रूल ने कई चेहरों की टेंशन बढ़ा दी है। लेकिन दावेदारी का फैक्टर है तो सभी फैक्टर आयेंगे। बात नदिया पार के ओबीसी फैक्टर की हो रही है और यहां ओबीसी फैक्टर के साथ जो चेहरे टीम में आने के लिए प्रयासरत हैं और जिनका नाम चर्चा में चल रहा है उन चेहरों में युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा का नाम सबसे आगे है।

ये नाम महामंत्री वाली रेस में बताया जाता है। सचिन डेढ़ा ओबीसी फैक्टर के दमदार चेहरों में हैं। यहां ओबीसी फैक्टर की बात करें तो खोड़ा नगर पालिका की अध्यक्ष रही रीना भाटी की दावेदारी भी महानगर टीम में बताई जा रही है। वो भी ओबीसी फैक्टर वाला नाम माना जा रहा है। इसके अलावा यहां ओबीसी फैक्टर में विनोद कसाना, कुलदीप कसाना का भी नाम है। यहां ओबीसी फैक्टर की बात करें तो योगेश भाटी का भी नाम चल रहा है। ओबीसी फैक्टर के ये सभी चेहरे नदिया पार के हैं और इन चेहरों को संगठन कितना कंसीडर करेगा ये आने वाले समय में पता चलेगा। लेकिन ओबीसी फैक्टर की बात करें और नदिया पार की बात करें तो ये चेहरे लाइमलाइट में चल रहे हैं।

### क्या सुरेन्द्र नागर से मिलेगी इन चेहरों को चुनौती



करंट क्राइम। बात नदिया पार के ओबीसी फैक्टर की ओ रही है और यहां ओबीसी फैक्टर में इस बार गुर्जर चेहरे मजबूत दावेदारी के साथ हैं। लेकिन नदिया पार की इस दावेदारी में लाइन पार का एक चेहरा इन सभी को चुनौती देता हुआ दिखाई दे रहा है। ये चेहरा पूर्व पार्षद सुरेन्द्र नागर का है। सुरेन्द्र नागर महानगर की टीम में आने के लिए प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यहां पर दो फैक्टर उनकी दावेदारी को डाउट में कर रहे हैं। पहला फैक्टर तो ये है कि वो संगठन नियम के हिसाब से ओवर ऐज हैं और यहां उनकी आयु उन्हें रोकेगी। दूसरा फैक्टर ये बताया जाता है कि संगठन उन्हें पहले ही सरकारी कृपा से नवाज चुका है। संगठन में भी वो पदाधिकारी रहे हैं तो ऐसे में फिर से कृपा रिपीट होने में संशय है। फिलहाल सुरेन्द्र नागर ऐसा चेहरा हैं जिन्हें इग्नोर नहीं किया जा सकता है। वो महानगर की टीम में ना सही क्षेत्रीय टीम में आ सकते हैं।

# संगठन में आने का कैसे पूरा हो दावेदारों का ख्वाब, जोर इस बात पर हो जाये राम प्रताप सिंह चौहान से मुलाकात






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संगठन की टीम गठित होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। टीम में सलेक्शन के लिए सब जोर लगा रहे हैं। इस बार गाजियाबाद वाले केन्द्र पर लखनऊ और दिल्ली के बीच में आगरा भी आ गया है। आगरा का महत्व बढ़ गया है इसका कारण ये है कि जो पर्यवेक्षक यहां से नाम लेकर गये हैं वो राम प्रताप सिंह चौहान आगरा के हैं। गाजियाबाद वाले अगर अपनी पर आ जायें तो वो काम के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक का सफर तय कर सकते हैं, तो फिर आगरा क्या चीज है। सूत्र बताते हैं कि टीम में आने के ख्वाब को पूरा करने के लिए अब आगरा जाना भी एक काम हो गया है। वैसे गाजियाबाद के भाजपाई जब लखनऊ की दूरी को दूरी नहीं मानते तो फिर आगरा तो अब ढाई घंटे की रेस है। ऐसे में आगरा कनैक्शन ढूंढा जा रहा है। टीम में आने के लिए पद पाने के लिए भागदौड़ शुरू हो गई है। सूत्र बताते हैं कि राम प्रताप सिंह चौहान के सामने अपनी पैरवी करवाने के लिए चेहरों की तलाश हो रही है। वहीं एक गुट ऐसा भी है जो अपनी पैरवी की चिंता के बजाय दूसरों की पैरवी की काट ढूंढ रहा है। वो ये बता रहे हैं कि अजी उनकी तो आयु सीमा इतनी है। कोई ये बताकर आया है कि साहब लाईन पार वाला तो बसपा से आया है। अजी वो तो सपा से आया है। अजी इनका तो विवादित कारोबार रहा है। कोई ऐज फैक्टर को बताकर आया है। इसके अलावा कई ने तो बाकायदा सम्पर्क तलाशकर कई दावेदारों की छवि का सवाल खड़ा कर दिया है। हालांकि जो आगरा कनैक्शन तलाश रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो लखनऊ दिल्ली के बाद अब ध्वज प्रणाम वालों के दरवाजे पर जा पहुंचे हैं। वो जानते हैं कि संगठन की घोषणा लखनऊ से होनी है। नाम भले ही आगरा वाले लेकर गये हैं। नामों को लेकर मारा मारी होगी क्योंकि 21 लोगों की टीम बननी है जिसमें एक नाम अध्यक्ष का है। 20 नामों की पैरवी के लिए रेस शुरू हो गई। इनमें तीन महामंत्री बनने हैं, एक कोषाध्यक्ष बनना है, आठ उपाध्यक्ष बनने हैं, आठ मंत्री बनने हैं और सूत्र बताते हैं कि प्रदेश से लेकर क्षेत्र और गाजियाबाद से लेकर आगरा और दिल्ली से लेकर लखनऊ तक पैरवी वाला गेम शुरू हो गया है।

### रिपीट वाले सीन को बीट करने के लिए पूरा जोर

करंट क्राइम। इस बार का नजारा काफी रोचक है। एक टीम वो है जो अपने लिए प्रयास कर रही है और दूसरी टीम वो है जिसे अपने संवरने से ज्यादा दूसरे को बिगाड़ने में आंनद आ रहा है। वो अंदरखाने बताकर आये हैं कि ये नाम बागी हैं और इनकी शिकायत है। वो ये भी बताकर आये हैं कि रिपीट वाला सीन नहीं होना चाहिए। बाकायदा नाम देकर आये हैं कि हर बार अध्यक्ष बदलते हैं और ये नाम फिर से आ जाते हैं। ऐसे में नए चेहरों को मौका कब मिलेगा। कई अध्यक्षों के साथ पद वाली पारी खेलने वालों के नाम पहुंचे हैं। बताते हैं कि यहां बागियों के नाम भी दिये गये हैं और बताया गया है कि ये वो हैं जिन्होंने वार्ड में भाजपा हारने के लिए जोर लगाया था।

# फर्जी पते पर पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

**- मुश्ताक अहमद और मुदस्सिर खान को दबोचा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम और अपराध शाखा ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना भोजपुर में 1 फरवरी 2026 को दर्ज मुकदमा की जांच के दौरान यह कार्रवाई की गई। एडीसीपी पीयूष सिंह ने बताया है कि इस मामले में पहले ही आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब दो और को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान मुश्ताक अहमद और मुदस्सिर खान के रूप में हुई है। दोनों पर फर्जी पते और जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट बनवाने का आरोप है।

### अब तक दस आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार




करंट क्राइम : पुलिस के अनुसार, अब तक इस प्रकरण में कुल 10 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूछताछ में मुश्ताक ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर लोगों के पासपोर्ट बनवाने का काम करता था और प्रत्येक पासपोर्ट के लिए करीब 1.50 लाख रुपये वसूलता था। उसका साथी मुदस्सिर ग्राहकों की व्यवस्था करता था, जिसे प्रति पासपोर्ट 25 हजार रुपये दिए जाते थे। गिरोह आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, जन्म प्रमाण पत्र और बैंक पासबुक जैसे फर्जी दस्तावेज तैयार कर आवेदन करता था। जांच में सामने आया कि 22 पासपोर्ट आवेदनों में से 13 एक ही मोबाइल नंबर से और अन्य कुछ सीमित नंबरों से किए गए थे। गिरोह जानबूझकर पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र को निशाना बनाता था, जहां जांच प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल होने का लाभ उठाया जाता था। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी पहचान पत्र बनवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**होली की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ सूचित किया जाता है कि होली पर्व का अवकाश 04-05 मार्च को रहेगा। 07 मार्च को अंक के साथ प्रस्तुत होंगे।**

## संपादकीय

# भारतीयों की वापसी चुनौती

ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में यह कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। खासतौर पर हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसमें मध्य-पूर्व के देशों में भी स्थिति चिंताजनक हो रही है।

इस बीच भारत के लिए एक बड़ी फिक्र यह खड़ी हुई है कि अलग-अलग उद्देश्य से मध्य-पूर्व के देशों में गए जो भारतीय फंस गए हैं, उन्हें वहां से सुरक्षित कैसे निकाला जाए। अमेरिका और इजरायल के साझा हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल को निशाना बनाने के साथ-साथ बहरीन, सऊदी अरब, कतर समेत कई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल से हमले किए हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि वहां रहने वाले लोगों के सामने किस तरह की मुश्किलें खड़ी हो रही होंगी। स्वाभाविक ही भारत के सामने बड़ी चिंता उन इलाकों में फंसे भारतीयों को वापस लाने की है।

दरअसल, समूचे पश्चिम एशिया का इलाका इस समय युद्ध क्षेत्र में तब्दील हो गया लग रहा है। स्वाभाविक ही वहां रह रहे तमाम आम लोगों के सामने खुद को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, जो लोग दूसरे देशों से वहां गए हैं, वे किसी तरह वहां से निकलने की उम्मीद में हैं। ऐसे में भारत सरकार ने युद्ध प्रभावित देशों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कोशिश शुरू की है, लेकिन ठोस नतीजे के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीयों की सहायता के लिए जरूरी और व्यावहारिक कदम उठाएं। सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि युद्ध के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। भारत ने शांति और सुरक्षा के साथ-साथ विवादों के समाधान के लिए संवाद तथा कूटनीति का समर्थन किया है, लेकिन फिलहाल ज्यादा जरूरत इस बात की है कि युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाए। इन देशों में सैन्य तनाव बढ़ने और युद्ध का दायरा फैलने की वजह से उड़ान सेवाएं व्यापक पैमाने पर बाधित हुई हैं और बहुत सारे वैसे भारतीय उन जगहों के हवाईअड्डों पर फंसे हुए हैं, जो किसी तरह वतन लौटना चाहते हैं। हालांकि इससे पहले कई बार अलग-अलग देशों में भड़के युद्ध के दौरान भारत ने अपने हजारों नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है। मगर

इस बार सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि युद्ध में शामिल देशों के बीच हमले अपनी पूरी तीव्रता के साथ जारी हैं और आम लोगों के लिए हवाई क्षेत्र बंद है। जब तक हमलों में कमी नहीं आएगी और यात्री उड़ानों की गुंजाइश नहीं बनेगी, तब तक बचाव अभियान शुरू करना शायद मुश्किल हो।

# कलबुर्गी मेडिकल कॉलेज में 33.34 करोड़ का छात्रवृत्ति घोटाला, अध्यक्ष पर ईडी का शिकंजा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कलबुर्गी स्थित महादेवप्पा रामपुरे मेडिकल कॉलेज (एमआरएमसी) में 2018-2024 के बीच 33.34 करोड़ रुपये के छात्रवृत्ति घोटाले का खुलासा हुआ है।

कर्नाटक के महादेवप्पा रामपुरे मेडिकल कॉलेज, कलबुर्गी (एमआरएमसी) में छात्रवृत्ति घोटाला, किसी दूसरे व्यक्ति ने नहीं, बल्कि खुद संस्थान के अध्यक्ष ने ही अंजाम दिया था। बैंक में जमा छात्रों के वजीफे की राशि में से 33 करोड़ रुपये की हेराफेरी कर दी। बाद में अध्यक्ष ने अपने बेट राजकुमार बिलगुंडी और संतोष बिलगुंडी के नाम पर अचल संपत्तियां खरीद ली। अब इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मंगलौर उप क्षेत्रीय कार्यालय ने विशेष न्यायालय में भीमाशंकर बिलगुंडी और मल्लाना एस मद्दारकी के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत अभियोग दायर किया है। यह अभियोग महादेवप्पा रामपुरे मेडिकल कॉलेज, कलबुर्गी (एमआरएमसी) में 2018 से 2024 के बीच आरोपियों द्वारा किए गए छात्रवृत्ति घोटाले से संबंधित है।




ईडी ने कर्नाटक के कलबुर्गी शहर केंद्रीय अपराध पुलिस स्टेशन द्वारा आईपीसी की विभिन्न धाराओं 1860 के तहत डॉ. एस एम पाटिल, केनरा बैंक के प्रबंधक सुभाष और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर इस केस की जांच शुरू की है। मुख्य आरोपी भीमाशंकर बिलगुंडी (हैदराबाद एजुकेशन सोसाइटी के तत्कालीन अध्यक्ष, जो एमआरएमसी का प्रबंधन करती है, ने लेखा विभाग के कर्मचारियों और मल्लाना एस मद्दारकी (कार्यालय अधीक्षक) की सहायता से, 2018 और 2024 के बीच की अवधि में, एमआरएमसी के पीजी मेडिकल छात्रों के बैंक खातों में जमा छात्रवृत्ति राशि में से 33,34,78,691 रुपये की हेराफेरी की।

उन्होंने प्रवेश के समय छात्रों से खाली हस्ताक्षरित चेक एकत्र किए। उन चेकों में विवरण भरकर उन्हें भुना लिया। इसके चलते छात्रों को उनकी छात्रवृत्ति से वंचित कर दिया गया। इस मामले में ईडी ने अप्रैल और मई 2025 के दौरान कर्नाटक के कलबुर्गी में 9 स्थानों पर छापेमारी की थी। तलाशी अभियान के परिणामस्वरूप विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

जांच के दौरान, मुख्य आरोपी भीमाशंकर बिलगुंडी द्वारा अपने बेटों राजकुमार बिलगुंडी और संतोष बिलगुंडी के नाम पर खरीदी गई अचल संपत्तियों, भीमाशंकर बिलगुंडी के कई बैंक खातों और दूसरे आरोपी मल्लन्ना एस मद्दार्की की अचल संपत्तियों के रूप में प्राप्त 6.72 करोड़ रुपये की अपराध-प्राप्त राशि को पीओ के माध्यम से अस्थायी तौर पर कुर्क किया गया है।

# खाड़ी संकट की आंच भारत तक

## लंदन से मुंबई का किराया नौ लाख रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** इस्राइल- अमेरिका की सैन्य कार्रवाई भले ईरान में हो रही हो, लेकिन उसका असर भारत के आम यात्रियों की जेब पर साफ दिखाई दे रहा है। खाड़ी क्षेत्र के ऊपर से गुजरने वाले हवाई मार्गों में बाधा और अस्थायी एयरस्पेस बंद होने के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लेकिन यह पूरी कहानी नहीं है। सोमवार को करीब 700 उड़ानें रद्द हुईं। मंगलवार को भी बंगलूरू, मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट्स से लगभग 230 उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। कोलकाता से भी प्रतिदिन करीब 20 उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। जब बड़ी संख्या में फ्लाइट्स रद्द होती हैं, तो सीटों की उपलब्धता घट जाती है। ऐसे में डिमांड और सप्लाई के बीच भारी अंतर पैदा हो जाता है। सीमित सीटों पर ज्यादा यात्रियों की मांग किरायों को असामान्य स्तर तक धकेल देती है।



### यात्रियों को बाहर निकालने के लिए अतिरिक्त उड़ानें हो रही संचालित

भारतीय कंपनियां जैसे एअर इंडिया और इंडिगो भी बढ़े हुए किरायों पर सीमित संचालन कर रही हैं। वहीं खाड़ी क्षेत्र से यात्रियों को निकालने के लिए एतिहाद एयरवेज और एमिरेट्स ने अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने की घोषणा की है, ताकि फंसे यात्रियों को राहत दी जा सके।

सबसे बड़ी अनिश्चितता यह है कि हालात कब सामान्य होंगे। ट्रैवल एजेंट्स की सलाह है कि यदि यूरोप या खाड़ी देशों की यात्रा जरूरी न हो, तो कम से कम एक महीने तक टालना बेहतर रहेगा। जब तक पश्चिम एशिया में स्थिति स्थिर नहीं होती, तब तक हवाई किरायों में अस्थिरता, उड़ानों की रद्दीकरण दर और परिचालन बाधाएं जारी रहने की आशंका बनी हुई है।

# फारस की खाड़ी में बढ़ा खतरा

## तीन भारतीय नाविकों की जान गई

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच डीजी शिपिंग ने फारस की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों के लिए एडवाइजरी जारी कर सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इस बीच विदेशी ध्वज वाले जहाजों पर हुई चार घटनाओं में तीन भारतीय नाविकों की मौत और एक के घायल होने की पुष्टि हुई है।

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव और प्रमुख व्यापार मार्गों पर संभावित व्यवधानों के बीच, भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। मंगलवार को नौवहन महानिदेशालय ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है, जिसमें समुद्री संचालकों को यात्रा-विशिष्ट जोखिमों का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं।



### तीन भारतीय नाविकों की हुई मौत

नौवहन महानिदेशालय के अनुसार, क्षेत्र में भारतीय नाविकों से जुड़े चार ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें तीन की मौत हो गई और एक घायल हो गया। ये सभी नाविक विदेशी ध्वज वाले जहाजों पर कार्यरत थे। यह घटनाक्रम पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के गंभीर परिणामों को उजागर करता है, जो न केवल क्षेत्रीय स्थिरता बल्कि वैश्विक समुद्री व्यापार को भी प्रभावित कर रहा है।

### नौवहन महानिदेशालय ने क्या एडवाइजरी जारी की?

नौवहन महानिदेशालय ने अपनी एडवाइजरी में कहा है कि वह फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में विकसित हो रही समुद्री सुरक्षा स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है। हालिया भू-राजनीतिक विकासों से उत्पन्न खतरों में मिसाइल और ड्रोन गतिविधियां, इलेक्ट्रॉनिक हस्तक्षेप और अन्य समुद्री सुरक्षा चिंताएं शामिल हैं।

हितधारकों को अत्यधिक सतर्कता बनाए रखने और यात्रा-विशिष्ट जोखिम आकलन करने की सलाह दी गई है। क्षेत्र में संचालित जहाजों को उन्नत सुरक्षा मुद्रा और ब्रिज वॉच बनाए रखने, संचार की निरंतर तत्परता सुनिश्चित करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत

# ईरान पर हमले से तेल-रुपये पर दबाव की आशंका, बाजार सतर्क

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका-इस्राइल हमले से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों और रुपये पर दबाव की आशंका है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया पर काफी निर्भर है। आइए जानते हैं कि घरेलू बाजार ने ऐसी समस्याओं का इतिहास में कैसे सामना किया।

ईरान पर अमेरिका-इस्राइल के हमले ने जहां एक और भू-राजनीतिक का तनाव को अपने चरम पर पहुंचा दिया है, वहीं निवेशकों की बैचन किर दिया है। भारत जो कि भौगोलिक रूप से इन देशों से दूर है, लेकिन आर्थिक रूप से भारत की कुछ हद तक निर्भरता पश्चिम एशिया देशों पर है, क्योंकि भारत यहां से अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। सवाल यह उठता है कि निकट भविष्य में यह उतार-चढ़ाव बढ़ेगा या नहीं और क्या ऐसी घटनाएं देश के दीर्घकालिक निवेश के रास्ते में कोई विशेष बदलाव लाएंगी। एक्सिस एसेट्स मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार युद्ध और भू-



राजनीतिक तनावों ने आम तौर पर छोटी अवधि के लिए बाजार में उतार-चढाव बनाया, लेकिन भारतीय बाजार ने बार-बार लचीलापन दिखाया और बाहरी झटकों को झेलकर थोड़े समय के लिए जोखिम को रीप्राइस करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व स्तर पर होने वाले युद्धों का असर भारत पर अप्रत्यक्ष रूप से देखा गया है, जो कुछ सेक्टर पर होता है।

### कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से भारत को कैसे खतरा?

एक्सिस म्यूचुअल फंड के सीआईओ आशीष गुप्ता बताते हैं कि भारत पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर जल्द दिख सकता है, क्योंकि भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत कच्चा तेल पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। इसलिए इस तरह की अस्थिरिता कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि ला सकती है और इससे इनपुट कॉस्ट यानी लागत बढ़ती है। साथ ही चालू खाता घाटा और महंगाई बढ़ती है। इक्विटी बाजार पर इसका असर विशेषकर एविएशन सेक्टर, पेंट, सीमेंट और केमिकल जैसे संवेदनशील सेक्टर पर होता है।

### क्यों बढ़ रहे हैं तेल और गैस के दाम?

रिपोर्ट बताती है कि ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोकना या बंद करना कच्चा तेल, रिफाइंड उत्पाद और नेचुरल गैस (एलएनजी) की कीमतों के लिए खतरा है। यह ग्लोबल एनर्जी कारोबार के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है, जो कच्चे तेल के आवक का 20 प्रतिशत और एलएनजी कारोबार का 30 प्रतिशत है। भारत का 50 प्रतिशत या उससे अधिक एनर्जी आयात इसी रास्ते से होकर गुजरता है। इसलिए थोड़ी या कुछ समय की रुकावट भी भारत के एनर्जी सुरक्षा, महंगाई और बाहरी संतुलन पर असर डाल सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में रूस-यूक्रन युद्ध के दौरान कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चले गए थे , बावजूद इसके शुरूआती बिकवाली के बाद भी निफ्टी-50 ने साल के अंत में सकारात्मक जोन में रहा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द कम हो जाता है।
- 92% लोग सिर्फ हंस देते हैं, जब उन्हें सामने वाले की बात समझ नहीं आती है।
- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। नए कॉन्टैक्ट से फायदा हो सकता है। आज अपने मेहनत पूर्ण कार्य से अपने बॉस का मन मोह लेंगे।

**वृष:** आज का दिन आप में से कुछ के लिए काफी विवादास्पद साबित हो सकता है। आपको अपने वरिष्ठों की उपेक्षा का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन:** आज अचानक घर परकोई मेहमान आयेंगे। इस राशि के विद्यार्थियों को आज कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

**कर्क:** मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भौतिक सुख सुविधाओं की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। व्यक्तिगत समस्याएं हल होंगी। छोटे भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा।

**सिंह:** आपको नौकरी या काम-काज से जुड़े कई नए विकल्प मिल सकते हैं। जल्दबाजी में निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए।

**कन्या:** आज आप परिवार वालों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, उन्हें आज तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे।

**तुला:** दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। कोई इच्छा पूरी होगी। अविवाहित लोगों के लिए दिन अच्छा है। विवाह प्रस्ताव भी मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। आय में वृद्धि संभव है। नए अधिग्रहण होंगे जो आपकी सामाजिक स्थिति में सुधार करेंगे।

**धनु:** खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे।

**मकर:** किसी काम के कारण यात्रा करनी होगी। मानसिक भटकाव के कारण काम पर ध्यान देने में कठिनाई होगी। अपने दिल की बातें पार्टनर से बिल्कुल न छुपाएं।

**कुंभ:** मिले-जुले परिणाम मिलेंगे, लेकिन वे आपके पक्ष में रहेंगे। बेकार की गतिविधियों में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। अपने निर्णयों पर उचित ध्यान दें।

**मीन:** आज परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का मौका मिलेगा। इस राशि के बुक सैलर के लिए आज का दिन लाभ दिलाने वाला होगा।

## चुटकुले

चीकू- अरे ये लोग बार-बार बॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
मीकू- अरे वे सभी गोल कर रहे हैं।
चीकू- बॉल तो पहले से गोल है,और कितना गोल करेंगे।

पंडित जी- विवाह क्या है?
मौटी- विवाह एक ऐसा गठबंधन है, जिसमें 2 लोग मिलकर उन समस्याओं को सुलझाने का जीवन भर प्रयास करते हैं। जो पहले कभी थी हीं नहीं।

टीचर- 4 और 4 कितने होते हैं?
गोलू- 10 होते हैं।
टीचर- 8 होते हैं... नालायक
गोलू- हम दिलदार घर से हैं... 2 मैंने अपने खुद के भी डाले हैं।

## 04 03 2026 करंट क्राइम — आज के जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन


श्रद्धा दास (अभिनेत्री)


नक्ष नागर


पूनम गर्ग


नंदिता कुमार


सोनू अरोड़ा


जितेन्द्र कुमार राणा


आशीष सिंघल


अमित भारद्वाज


चंद्र भूषण श्रीवास्तव


दीपक राठी


सुरेश कुमार ओझा


रहीस अहमद


गुरुदीप सिंह


गजेन्द्र सिंह


हरीश डागर


रविंद्र तिवारी


सार्थक जैन


सचिन राय


सुधीश कुमार


साजिद मलिक

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बुरा ना मानो होली है ....

अतुल गर्ग (सांसद) - एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर ली। फिर मैं खुद की भी नहीं सुनता हूं।
सुनील शर्मा (मंत्री) - चाणक्य
नरेन्द्र कश्यप (मंत्री) - शहद के निर्माता
दिनेश गोयल (एमएलसी) - आने वाला है नया अवतार
संजीव शर्मा (विधायक) - मिठाई के सौदागर
अजित पाल त्यागी (विधायक) - देहात ही काफी है
नंदकिशोर गुर्जर (विधायक) - समझ पाना मुश्किल
धर्मेश तोमर (विधायक) - बेबाक
रामनरेश रावत - हम हैं स्पष्ट, चाहे किसी को हो कष्ट
मयंक गोयल (अध्यक्ष भाजपा) - अरे आप समझे नहीं
पवन गोयल (भाजपा नेता)- फिक्र अभी बाकी है।
अभिषेक गर्ग (सपा नेता) - शानदार, जबरदस्त, जिंदाबाद
रामअवतार जिंदल (भाजपा नेता) - मास्टर स्ट्रोक
पूर्व विधायक रूप चौधरी - जहां तेरी ये नजर है..... मुझे खबर है
संजीव गुप्ता (समरकूल) - नाईस मैन
बसंत त्यागी (भाजपा नेता) - 'मुराद' पूरी करने के अरमान
ममता त्यागी (जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा) - सरल
विभु बंसल (पिलखुवा चेयरमैन)- एक तीर से दो निशाने
प्रवीण चौधरी (डिप्टी मेयर) - घायल
सतपाल प्रधान (पूर्व अध्यक्ष) - ठाकुर साहब का आशीर्वाद
सुरेश कुमार कश्यप - वो सुबह कभी तो आयेगी
वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले - फूल कभी जब बन जाये अंगारा
आशु वर्मा (पूर्व महापौर भाजपा)- फेसबुक के ब्रांड अम्बेसडर
जगदीश साधना (वरिष्ठ भाजपा नेता)- मार्ग दर्शक
मानसिंह गोस्वामी (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष) - खतरों के खिलाड़ी
हिमांशु लव (पूर्व पार्षद) -चित्रकार
सुनील यादव (रेड फेस मैन) - गायब
सुरेन्द्र नागर (पूर्व पार्षद) - बेचैन
प्रदीप चौहान (पूर्व पार्षद) - मुझे कुछ नहीं मिला
फैजल हुसैन (सपा जिलाध्यक्ष) - भावुक
विरेन्द्र यादव (सपा अध्यक्ष) - महा भावुक
बिजेन्द्र यादव (पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस) - क्रांतिवीर
विजय चौधरी (पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस) - कहां हो तुम
राजेन्द्र मित्तल मैदी - तुमसा कोई प्यारा, कोई मासूम नहीं है
अनिल अग्रवाल सांवरिया - ईवेंट के बादशाह
अजय गुप्ता (समाजसेवी)- लाईन खींचकर चलने वाले
अजय शर्मा (पूर्व अध्यक्ष) - डाक्टर साहब
अमरपाल शर्मा (पूर्व विधायक) - ऑल राउन्डर
गोपाल अग्रवाल - दिल में मेरे है दर्द - ए- डिस्को
रीना भाटी (पूर्व चेयरमैन) - वीरांगना
राजू पांचाल - हम भी हैं रेस में
सरदार सिंह भाटी - साथियों की लाठी
वीरेन्द्र सारस्वत - भावुक
अनुज मित्तल - अपना काम है बनता .....
डीडी यादव - एलिजिबल मगर इग्नोर
योगेश भाटी - अभिमन्यु
सचिन डेढ़ा - मरघट वालों का आशीर्वाद
आशीष चौधरी - बड़ा वाला आशीर्वाद
गौरव सौलंकी (पार्षद)- गहराई का पता नही
बॉबी त्यागी (उपाध्यक्ष) - फैविकोल का मजबूत जोड़
राजीव शर्मा (पार्षद)- समझना मुश्किल
पिंटू तोमर - खुशमिजाज
सरदार एसपी सिंह (भाजपा नेता) - देर ना हो जाये... कहीं देर ना हो जाये
सचिन डागर (पार्षद) - राजनीति का शिकार
राधेश्याम त्यागी (पार्षद) - 'खरा '
डा. अनिल तोमर (पार्षद) - सरप्राईज
हिमांशु चौधरी (पार्षद) - हैन्डपम्प का पानी भाए
सतेन्द्र चौधरी (पार्षद) - सरपंच जी
राजकुमार भाटी (पार्षद) - लाड़ला
नरेश भाटी (पार्षद) - हैवी वेट लाठी
महेन्द्र चौधरी (भाजपा नेता) - लम्बे हाथ
अनिल स्वामी (पूर्व पार्षद)- कहां हो तुम
राजेश त्यागी (महामंत्री) - पलभर के लिए कोई प्यार कर ले , झूठा ही सही
रिजवान मीर (भाजपा नेता) -अरे दीवानों मुझे पहचानों
गौरव चौपड़ा (युवा नेता) - बारीक खोपड़ा
प्रेम त्यागी (भाजपा नेता) - आवाज दो हमको हम खो गये
योगेन्द्र मावी (भाजपा नेता) - कब गरजोगे
नितिन मावी (युवा भाजपा नेता) - उभरता सितारा
तेजपाल राणा (पूर्व पार्षद) - विधायक बनकर रहूंगा
सतेन्द्र चौधरी (भाजपा नेता)- हमें तो अपनों ने लूटा
विजय मोहन (भाजपा नेता) - किस्मत में तू नहीं शायद
रूद्र प्रताप त्यागी - सीजनल
डा. परमेन्द्र - नये क्रान्तिकारी
पुष्पेन्द्र रावत (भाजपा नेता) - दूसरे अंदाज में प्रयास
रनीत सिंह - सौम्य
धीरज शर्मा - अनदेखी का शिकार
विशाल वर्मा (सपा नता)- हरफन मौला
हातम सिंह नागर (भाजपा नेता) - स्पष्टवादी
सुधन रावत - अधूरी चाहत
मदन राय (पार्षद) - ए वतन हमको तेरी कसम
धीरज अग्रवाल (पार्षद) - संयमी
इंद्रजीत सिंह टीटू (रालोद) - सबको खुश रखने की चाहत
तेजपाल चौधरी (रालोद) - हम ही हम
अमरजीत सिंह बिड्डी (रालोद) - सबके साथी
अजय प्रमुख (रालोद) - ना काहू से दोस्ती, न काहू से बैर
अरुण चौधरी भुल्लन (रालोद) - पोस्टर बॉय
रविंद्र चौहान (रालोद) - काश भाजपा में होते...

# कमिश्नरेट के रंग, कर देंगे दंग

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड - स्माइल मैन
एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर - कड़क
एडिशनल सीपी केशव चौधरी - गुरू जी
डीसीपी सिटी धवल जायसवाल - धीरे-धीरे फॉर्म में
डीसीपी देहात सुरेन्द्रनाथ तिवारी - जलवेदार
डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन - फर्स्ट फ्लोर
डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल - सितारों पर
एसीपी मसूरी लिपि नगायच - सुपर एक्टिव
डॉ दीप्ति चौहान - ट्यूनिंग टाईम
एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह - एंकाउटर मैन
एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय - जांबाज़
एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव - 50-50
एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा - आराम से
एसीपी अकाउंट एवं महिला अपराध सलोनी अग्रवाल - बारीक
एसीपी क्राइम और एसीपी ट्रैफिक सेकेंड अमित सक्सेना - जमे रहो
एसीपी इन्दिरापुरम अभिषक श्रीवास्तव - हिट मैन
एसीपी ट्रैफिक फर्स्ट रितेश त्रिपाठी - फिट मैन
एसीपी कविनगर सूर्य बलि मौर्य - मिलनसार
एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद - नंबर लग गया
एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल - ऑल राउंडर
एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम - अपनी धुन में
एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह - ओल्ड इज़ गोल्ड
एसीपी कोतवाली उपासना पांडे - एक्टिव मोड
एसीपी अजय कुमार - अपना टाइम आयेगा

प्रस्तुति : (गौरव शशि नारायण) बुरा ना मानो होली है







कॉन्सेप्ट
दीपक भाटी
संपादक
दैनिक करंट क्राइम





















# टी-20 विश्वकप के नॉकआउट में विराट-रोहित के नाम सर्वाधिक रन-विकेट

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप 2026 के नॉकआउट मुकाबलों से पहले आंकड़े बताते हैं कि विराट कोहली रन, 50+ स्कोर और छक्कों में शीर्ष पर हैं। सबसे ज्यादा मैच रोहित शर्मा ने खेले, जबकि विकेटों में क्रिस जॉर्डन आगे हैं। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी अजंता मेंडिस के नाम दर्ज है।



टी20 विश्वकप 2026 के नॉकआउट स्टेज की शुरूआत बुधवार चार मार्च से होने जा रही है। पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को भारत और इंग्लैंड की टीमें मुंबई के वानखेड़े में आमने-सामने होंगी। यहां हारने वाली टीम का सफर खत्म हो जाएगा, जबकि जीतने वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भिड़ेंगी। इस चरण के शुरू होने से पहले हम आपको टी20 विश्वकप के नॉकआउट स्टेज में सबसे ज्यादा रन, सबसे ज्यादा विकेट और सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं। साथ ही हम आपको इस चरण में सबसे ज्यादा 50+ के स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में भी बताएंगे। नॉकआउट स्टेज में क्वार्टर फाइनल (जो कि टी20 विश्वकप में शायद ही कभी हुआ हो), सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले शामिल हैं।

टी20 विश्वकप में सबसे ज्यादा मैच खेलने का अनुभव रोहित शर्मा के पास है। हालांकि, वह अब टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर सात मैचों के साथ संयुक्त रूप से पांच खिलाड़ी हैं। ये सभी श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर्स हैं। इनमें तिलकरत्ने दिलशान, महेला जयवर्धने, लसिथ मलिंगा, एंजेलो मैथ्यूज और कुमार संगकारा शामिल हैं। तीसरे नंबर पर छह मैचों के साथ संयुक्त रूप से 12 खिलाड़ी हैं। इनमें विराट कोहली, मोईन अली, ड्वेन ब्रावो, जोस बटलर, क्रिस गेल, क्रिस जॉर्डन, कामरान अकमल, दिनेश रामदीन, आदिल रशीद, डैरेन सैमी, शाहिद अफरीदी और शोएब मलिक शामिल हैं। महेंद्र सिंह धोनी के नाम पांच टी20 विश्वकप नॉकआउट मुकाबले हैं।

### टी-20 विश्वकप नॉकआउट में सर्वाधिक मैच

| खिलाड़ी | मैच | खिलाड़ी | मैच |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 8 | क्रिस गेल | 6 |
| तिलकरत्ने दिलशान | 7 | क्रिस जॉर्डन | 6 |
| महेला जयवर्धने | 7 | कामरान अकमल | 6 |
| लसिथ मलिंगा | 7 | विराट कोहली | 6 |
| एंजेलो मैथ्यूज | 7 | डेनिश रामदीन | 6 |
| कुमार संगकारा | 7 | आदिल रशीद | 6 |
| मोईन अली | 6 | डैरेन सैमी | 6 |
| ड्वेन ब्रावो | 6 | शाहिद अफरीदी | 6 |
| जोस बटलर | 6 | शोएब मलिक | 6 |

### टी20 विश्वकप नॉकआउट में सबसे ज्यादा रन

टी20 विश्वकप के नॉकआउट चरण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के विराट कोहली के नाम है। कोहली 2014, 2016, 2022 और 2024 में चार बार टीम इंडिया के साथ नॉकआउट स्टेज में पहुंचे। 2014 में भारतीय टीम फाइनल में पहुंची थी, 2016 और 2022 में सेमीफाइनल से बाहर हुई थी, जबकि 2024 में खिताब अपने नाम किया था। कोहली ने कुल मिलाकर छह टी20 विश्वकप नॉकआउट मैचों में 93.25 की औसत से 373 रन बनाए।

इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 145.13 का रहा। वहीं, दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 2007 में भी टीम इंडिया के साथ फाइनल खेला था। रोहित ने आठ टी20 विश्वकप नॉकआउट मैचों में 37.83 की औसत और 139.26 के स्ट्राइक रेट से 227 रन बनाए। तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के जोस बटलर हैं।

# आरसीबी के प्रशंसकों के लिए राहत की खबर

**बंगलूरू।** आईपीएल की गत चैंपियन आरसीबी की टीम आगामी सीजन में खिताब का बचाव करने उतरेगी। टीम के लिए राहत की बात यह है कि वह घरेलू मैदान पर अपने मुकाबले खेल सकेगी।



गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए राहत की खबर सामने आई है। टीम को आईपीएल 2026 में घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम में पांच मैच खेलने की मंजूरी मिली है, जबकि होम प्रारूप के शेष दो मुकाबले टीम रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेलेगी। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी है।

**चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन टीम खेल सकेगी इतने मैच**

### चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई थी भगदड़

आरसीबी के होम मुकाबलों को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है कि टीम पांच मैच तो अपने घरेलू मैदान पर ही खेलेगी। दरअसल, आरसीबी की खिताबी जीत के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में जश्न के दौरान भगदड़ मच गई थी जिसमें 11 फैंस का निधन हो गया था। इस हादसे के बाद चिन्नास्वामी ने कोई बड़े टूनार्मेंट के मुकाबले की मेजबानी नहीं की है जिसमें रणजी ट्रॉफा, विजय हजारे ट्रॉफी और महाराजा ट्रॉफी के एसासीए टी20 के मुकाबले भी शामिल हैं।

आरसीबी ने राज्य सरकार, पुलिस और केएससीए का जताया आभार

आरसीबी ने कहा, महीनों की कड़ी मेहनत और सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय के बाद यह संभव हो पाया है। आरसीबी कर्नाटक सरकार, कर्नाटक प्रदेश क्रिकेट संघ और कर्नाटक पुलिस की शुक्रगुजार है। आईपीएल सीजन से पहले बुनियादी ढांचे और सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने के सामूहिक प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि मौजूदा चैंपियन अपने अधिकांश घरेलू मैच अपने घरेलू मैदान पर ही खेलेंगे।

आरसीबी के सीईओ बोले- फैंस को घरेलू मैदान पर खेलते देखना का हक

आरसीबी ने कहा कि रायपुर में होने वाले दो घरेलू मैच पूर्व निर्धारित समझौते के अनुसार होंगे। आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने कहा कि प्रशंसकों को अपनी टीम को घरेलू मैदान पर खेलते देखने का पूरा हक है। उन्होंने कहा, चिन्नास्वामी स्टेडियम सिर्फ हमारा घरेलू मैदान ही नहीं है, बल्कि यह वह जगह है जहां एक टीम के रूप में हमारी पहचान सही मायने में जीवंत होती है। हमारे प्रशंसकों की ऊर्जा बंगलूरू में हमेशा से हमारे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रही है, जो उन्हें खेल के हर चरण में प्रेरित करती है। हमारे प्रशंसकों ने बिना किसी शर्त के हमारा साथ दिया है और वे अपनी टीम को घरेलू मैदान पर खेलते देखने के हकदार हैं। मेनन ने कहा, विस्तृत चर्चा और अनुमतियों से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आरसीबी बंगलूरू में पांच मैच खेलेगी। इस आयोजन को संभव बनाने में सहयोग देने के लिए हम कर्नाटक सरकार, केएससीए और कर्नाटक पुलिस के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

## पश्चिम एशिया में तनाव के कारण दुबई में फंसे टेनिस स्टार डेनिल मेदवेदेव, पोस्ट कर बताया हाल

**दुबई।** इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष से पश्चिम एशिया में लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। इसका असर अब खेलों पर भी पड़ रहा है। हाल ही में एटीपी टूर के लिए दुबई पहुंचे रूस के टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव उड़ानें प्रभावित होने के कारण दुबई में ही फंस गए हैं। यूएस ओपन के पूर्व चैंपियन डेनिल मेदवेदेव ने बताया कि वह उन कुछ खिलाड़ियों और टीम सदस्यों में शामिल है जिन्हें एटीपी टूर दुबई से सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण व्यापक स्तर पर उड़ानें रद्द हो गई हैं और यात्रा व्यवस्था प्रभावित हुई है। मेदवेदेव के इंस्टाग्राम अकाउंट से सोमवार को रूसी भाषा के टेनिस पोर्टल बोल्शे की एक रिपोर्ट रीपोस्ट की गई, जिसमें कहा गया कि वह सुरक्षित हैं और दुबई में एक मित्र के अपार्टमेंट में ठहरे हुए हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह दुबई में एटीपी टूनामेंट जीता था, जिसके बाद उड़ान रद्द होने से वे वहीं रुकना पड़ा। एटीपी टूर ने बताया, हमारे खिलाड़ियों, स्टाफ और टूनामेंट कर्मियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। खिलाड़ियों और उनकी टीमों को टूनामेंट के आधिकारिक होटलों में ठहराया गया है, जहां उनकी तत्काल जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# सेमीफाइनल में नितिन मेनन की बड़ी जिम्मेदारी



**अंपायरों की एलीट पैनल में शामिल**

**दुबई।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा हो गई है। नितिन मेनन एलीट पैनल में शामिल हैं और पहले सेमीफाइनल में थर्ड अंपायर होंगे। भारत-इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका-न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले खेले जाएंगे, जिनकी विजेता टीमें फाइनल में भिड़ेंगी।

टी20 विश्वकप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबलों से पहले मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। भारत के अनुभवी अंपायर नितिन मेनन को नॉकआउट चरण के लिए एलीट पैनल में शामिल किया गया है। यह भारतीय अंपायरिंग के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

पहला सेमीफाइनल चार मार्च को कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डेन्स में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इसके बाद पांच मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। इन दोनों मुकाबलों की विजेता टीमें 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल खेलेंगी।

**सेमीफाइनल-1: कोलकाता में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड**

पहले सेमीफाइनल में ऑन-फील्ड अंपायर की जिम्मेदारी रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ संभालेंगे। तीसरे अंपायर के रूप में नितिन मेनन की नियुक्ति हुई है, जबकि रॉड टकर फोर्थ अंपायर की भूमिका निभाएंगे।

मैच रेफरी के तौर पर जवागल श्रीनाथ नजर रखेंगे। यह मुकाबला बेहद रोमांचक माना जा रहा है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-8 के ग्रुप-1 में अपने तीनों मैच जीतकर दमदार तरीके से सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वहीं न्यूजीलैंड ने एक जीत और एक मैच बारिश से रद्द होने के बावजूद बेहतर समीकरण के आधार पर अंतिम चार में प्रवेश किया।

**सेमीफाइनल-2: मुंबई में भारत बनाम इंग्लैंड:** दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। इस मुकाबले में ऑन-फील्ड अंपायर क्रिस गैफनी और अल्लाहुद्दीन पालेकर होंगे। एड्रियन होल्डस्टॉक तीसरे अंपायर और पॉल राइफल चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे। मैच रेफरी की जिम्मेदारी एंडी पायक्रॉफ्ट को सौंपी गई है। दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम ग्रुप-2 में अपने तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर रही और मजबूत दावेदार के रूप में सामने आई।

**पाकिस्तान बाहर, न्यूजीलैंड को मिला मौका:** ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान दोनों के समान अंक थे, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर कीवी टीम को सेमीफाइनल का टिकट मिला। पाकिस्तान बेहतर प्रदर्शन के बावजूद नॉकआउट में जगह नहीं बना सका।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर 50 लाख का जुमार्ना कम

## शाहिद अफरीदी ने पीसीबी से और कठोर कार्रवाई की मांग की





**कराची।** टी-20 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इस पर शाहिद अफरीदी भड़क गए और इसे नाकाफी बताया। उन्होंने पीसीबी से सख्त कार्रवाई और टीम में संरचनात्मक सुधार की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी विफलता दोबारा न हो।

टी-20 विश्वकप 2026 से बाहर होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में उथल-पुथल का दौर जारी है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, टूनामेंट में टीम के प्रदर्शन से नाखुश पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने खिलाड़ियों पर 50-50 लाख पाकिस्तानी रुपये (करीब 16 लाख भारतीय रुपये) का जुमार्ना लगाया है।

हालांकि, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को इस सजा से तसल्ली नहीं मिली और इसे छोटी सोच बताया है। साथ ही उन्होंने पीसीबी से कुछ खिलाड़ियों पर और कठोर कार्रवाई की मांग की है। अफरीदी ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों पर दो साल का बैन तक लगा देना चाहिए। पाकिस्तान टीम को ग्रुप स्टेज में टीम इंडिया से हार मिली और इसके बाद सुपर-8 में करो या मरो मुकाबले में तय समीकरण के मुताबिक जीत हासिल नहीं कर सके।

पाकिस्तानी न्यूज चैनल समा टीवी पर बातचीत के दौरान शाहिद अफरीदी ने कहा, 'पीसीबी का यह फैसला नहीं समझ में आने वाला फैसला है। छोटी सोच है। 50 लाख पाकिस्तानी रुपये भी क्या करेंगे। मेरे ख्याल में ये कोई जुमार्ना नहीं है।' अफरीदी ने जुमार्ने की बजाय संरचनात्मक सुधार की मांग की। उन्होंने कहा, 'जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, उन्हें फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भेजा जाए।' अफरीदी ने और कठोर सजा की मांग करते हुए कहा, 'कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं, जो मैं समझता हूं कि दो साल से पहले पाकिस्तान टीम में नहीं वापस आने चाहिए। ये सजाएं काफी हैं।'

शाहिद अफरीदी ने खिलाड़ियों के बेहतर वर्कलोड मैनेजमेंट पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'जिन्हें आराम देना चाहिए, उन्हें आराम दे दिया जाए। खिलाड़ियों के अंदर बदलाव लेकर आएं। ये सजाएं काफी हैं।

# घर लौटीं सिंधू, ऑल इंग्लैंड में नहीं खेल पाने की भड़ास दीवार तोड़कर निकाली



**बंगलूरू।** ईरान-इस्राइल-अमेरिका तनाव के चलते सिंधू को न केवल ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप टूनामेंट छोड़ना पड़ा, बल्कि उनकी तैयारी की लय भी प्रभावित हुई है। यह अनुभव सिंधू और उनकी टीम के लिए निश्चित रूप से मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन सकारात्मक बात यह है कि वह सुरक्षित अपने घर लौट आई हैं।

पीवी सिंधू दुबई से बंगलूरू में अपने घर लौट चुकी हैं। ईरान-इस्राइल-यूएस के बीच सैन्य तनाव की वजह से दुबई एयरपोर्ट बंद होने की वजह से वह दुबई में फंस गई थीं। हालांकि, अब वह घर लौट चुकी हैं और उन्होंने खुद इंस्टाग्राम स्टोरी लगाकर और साथ ही एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी पुष्टि की है। हालांकि, घर वापसी पर सिंधू के पति वेंकट ने उन पर चुटकी भी ली है।

दरअसल, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम पहुंचने के लिए दुबई होते हुए रवाना हुई थीं, लेकिन अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर बमबारी के बाद खाड़ी क्षेत्र में उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया। इसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई, जिससे दुबई भी प्रभावित हुआ। वह समय पर इंग्लैंड नहीं पहुंच सकीं और टूनामेंट से हटने और घर लौटने का फैसला लिया। हालांकि, घर लौटने के बाद वह बंगलूरू में सीधे अपने अंडर कंस्ट्रक्शन फ्लैट पर पहुंचीं।

# पाकिस्तान पर आइसलैंड की चुटकी, कहा- इससे अच्छा टी- 20 विश्वकप का बहिष्कार कर देते





**कराची।** पाकिस्तान की टीम बुरी तरह ट्रोल हो गई है। टी20 विश्वकप 2026 के शुरू होने से पहले हाईवोल्टेज ड्रामा और फिर दो राउंड से ही बाहर होने पर फैंस के साथ-साथ पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स अपने खिलाड़ियों पर निशाना साध रहे हैं।

इसी कड़ी में एक और देश आइसलैंड ने भी अब पाकिस्तान पर तीखा तंज कसा है। हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई थी कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन से नाखुश हैं।

ऐसे में एक्शन लेते हुए पीसीबी ने अपने खिलाड़ियों पर 50-50 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुमार्ना लगाया है। आइसलैंड क्रिकेट ने इसी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा तो पाकिस्तान की टीम टी20 विश्वकप का बहिष्कार ही कर लेती।

दरअसल, टी20 विश्वकप 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहने पर टीम के प्रत्येक खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (करीब 16 लाख भारतीय रुपये) का जुमार्ना लगाया गया है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, यह फैसला भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज हार और सुपर-8 में इंग्लैंड से मिली शिकस्त के बाद लिया गया। हालांकि, टीम ने श्रीलंका के खिलाफ करीबी जीत दर्ज की, लेकिन वह सेमीफाइनल की राह नहीं खोल सकी। बताया जा रहा है कि बोर्ड के अधिकारी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज थे और लगातार आईसीसी टूनामेंट्स में असफलता को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया।

### आइसलैंड क्रिकेट का मजाकिया हमला

एक तो पाकिस्तान का प्रदर्शन इस टूनामेंट में उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, जिसके बाद देशभर में टीम की आलोचना हुई। ऐसे में पीसीबी का यह फैसला चर्चा का विषय बन गया। मैदान में मात खाने के बाद अब खिलाड़ियों की जेब भी ढीली हो रही है।

